मेडिकल स्टोर में आगजनी से 15 लाख की क्षति

काउंटर, रेफ्रीजिरेटर, दवाएं, दस्तावेज, व अलमारियां हुई स्वाहा, रात दस से 10 .30 की बताई जा रही घटना

नवभारत न्यूज

रामनगर 10 जून। मैहर जिले के रामनगर थाना अंतर्गत मसमासी तिराहे स्थित मातृ छाया मेडिकल स्टोर में बीती रात अचानक आग लगने से ह?कम्प मच गया।

मेडिकल संचालक कमलेश पांडेय के मुताबिक रात के लगभग 9.30 बजे दुकान की लाइट, फ्रिज बन्द कर शटर में ताले लगाकर घर आ गए थे, रात के लगभग 10.40 बजे सूचना पर जब आकर देखा तो दुकान धू-धू कर जल रही थी, नगर का खराब दमकल समय पर आग बुझाने के लिए उपलब्ध न होने से आसपास के लोगों द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया, तब तक लगभग 15 लाख का नुकसान हो चुका था, आग इतनी जबरजस्त थी कि दुकान के अंदर का फर्नीचर, अलमारियां यहां तक कि फ्रिज भी बुरी तरह जल गया वहीं शार्ट सर्किट की सम्भावना भी नहीं के बराबर है, जिसके चलते आगजनी पर संदेह गहरा गया है, पीड़ित द्वारा थाना रामनगर व तहसील कार्यालय में आगजनी की सूचना आवेदन देते हुए आवश्यक कार्यवाही कर क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है ।

पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना कर, आगजनी के कारणों की विवेचना करते हुए आगजनी का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है वहीं राजस्व अमले द्वारा भी स्थल पंचनामा, क्षति का आकलन कर आवश्यक कार्यवाही कर रहा है।

हर समय मरम्मत में रहता है फायर ब्रिगेड वाहन

नगर परिषद रामनगर में लाखों रुपया खर्च कर फायर ब्रिगेड वाहन खरीदा गया था लेकिन इस वाहन एक भी आगजनी में आग नहीं बुझाई गई, क्योंकि जब भी आग लगने की सूचना दी जाती है नगर परिषद से बताया है वाहन मरम्मत के लिए गया है। आरोप है कि फायर ब्रिगेड वाहन की खरीदी में जमकर कमीशन खोरी हुई है जिसमें अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे हैं जिस कारण फायर ब्रिगेड वाहन हर समय मरम्मत में ही रहता है।

चित्रकूट में 110 .60 लाख रूपये वसूला गया जुर्माना : डीएम

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 10 जून। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अवैध खनन / परिवहन / ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा 23 मई से 08 जून तक . जनपद में विशेष अभियान चलाया गया।

चित्रकूट जिले में चलाये गये विषेष अभियान के तहत टास्क फोर्स द्वारा कुल 1150 उपखनिज लदे वाहनों की जॉच की गयी। 87 वाहनों के विरुद्ध उपखनिजों के अवैध परिवहन किये जाने के कारण उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली-2021 के नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी। अवैध खनन में लगे 06 मशीनों के विरुद्ध उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली-2021 के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी। बिना नम्बर प्लेट के पाये गये 25 वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग के नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी है। इसके अलावा 01 जनवरी से अब तक 346 वाहनों के विरुद्ध उपखनिजों के अवैध परिवहन किये जाने के कारण उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली-2021 के नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुये जुर्माने की धनराशि रु0 110.60 लाख निर्धारित मद में जमा कराया गया है।

घटिया नहर निर्माण पर कार्रवाई, दोबारा होगा निर्माण

▶ नवभारत में प्रकाशित खबर का असर

बरगी नहर निर्माण में लापरवाही पर ग्रामीणों का आक्रोश

नवभारत न्यूज

सतना 9 जून, जिले के रामपुर बघेलान क्षेत्र अंतर्गत रामपुर दक्षिणी के विभिन्न ग्रामों में बन रही बरगी नहर के निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों और किसानों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। अभी नहर में पानी भी नहीं आया है, लेकिन जगह-जगह दरारें दिखाई देने लगी हैं, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानक के अनुसार सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। पर्याप्त मात्रा में सीमेंट, गिट्टी और मसाले का प्रयोग नहीं किया जा रहा, वहीं टेस्ट का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है, जिससे नहर की मजबूती कमजोर हो रही है। किसानों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो भविष्य में सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होगी और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। जनपद सदस्य नंदकिशोर सिंह "नंदू भैया" ने इस गंभीर मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए संबंधित विभाग को अवगत कराया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस प्रकार की घटिया निर्माण कार्य को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों और किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

इनका कहना है

जनपद सदस्य नंदू भैया ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए, गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो किसानों के हितों की रक्षा की जाए।

नवभारत न्यूज

सतना 10 जून। रामपुर दक्षिणी क्षेत्र में निर्माणाधीन नहर के कार्य में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नहर का निर्माण कार्य घटिया एवं गुणवत्ता विहीन तरीके से किया जा रहा था, जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों में नाराजगी थी।

इस मामले को जनपद सदस्य नंदकिशोर सिंह नंदू भैया द्वारा प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने पेपर न्यूज़ एवं सोशल मीडिया के माध्यम से इस मुद्दे को प्रदेश स्तर तक पहुंचाया, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए संभागीय अधिकारी एवं एसडीओ नहर विभाग मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए नहर के घटिया निर्माण को तत्काल तुड़वाया गया।साथ ही अधिकारियों द्वारा कंपनी को निर्देशित किया गया कि नहर का पुन: निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को भविष्य में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

इस कार्रवाई से क्षेत्र में संतोष का माहौल है और ग्रामीणों ने जनपद सदस्य नंदू भैया के प्रयासों की सराहना की है।

रोड सेफ्टी समिति के अध्यक्ष ने मैहर में व्यवस्थाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

मैहर 10 जून। आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित रोड सेफ्टी समिति के अध्यक्ष अभय मनोहर सप्रे द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर, एसडीएम दिव्या पटेल, आरटीओ, एन एच ए आई , पीडब्ल्यूडी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा कर उनके प्रभावी निवारक उपाय सुनिश्चित करना था। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह द्वारा विगत दो वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं, चालानी कार्यवाही एवं यातायात जनजागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुत की । माननीय न्यायाधीश महोदय ने सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में मैहर जिले द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा कहा कि छोटे जिलों में मैहर इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने दुर्घटनाओं के कारणों का गहन विश्लेषण कर निवारक उपायों पर विशेष जोर देते हुए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने तथा नियमित समीक्षा के निर्देश दिए।

उन्होंने मां शारदा की नगरी मैहर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने, बिना परमिट एवं बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा सभी वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट, वैध ड्राइविंग लाइसेंस एवं बीमा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

साथ ही हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने, दुर्घटना संभावित स्थलों में आवश्यक सुधार कराने एवं व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

नटराजन का नामांकन रद्द होने पर कांग्रेस का उपवास प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

नागौद 10 जून। कांग्रेस ने वरिष्ठ नेत्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में बुधवार को नागौद कचेहरी प्रांगण में उपवास प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के लोग शामिल हुए

कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह परिहार एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुख्तार अहमद सिद्दीकी जिला संगठन मंत्री नागेश मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष रोहिणी लोधी ने किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने नामांकन निरस्तीकरण को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत बताते हुए विरोध दर्ज कराया। उपवास कार्यक्रम में पूर्व विधायक कल्पना वर्मा, पूर्व भूमि विकास बैंक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह 'छोटे', विनीत सिंह 'बिनु', पूर्व जिला महामंत्री संध्या कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य वरुण गुर्जरब्लॉक अध्यक्ष किसान मृगेंद्र सिंह मंटू गुरवेद्र सिंह महामंत्री प्रदेश सचिव शिवम सिंह परिहार वरिष्ट अधिवक्ता गोपाल सिंह उपाध्यक्ष सतीश शुक्ला युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अच्छत सिंह, विधानसभा अध्यक्ष शिवबालक लोधी, मंडी उपाध्यक्ष विनोद कुशवाहा, जिला अध्यक्ष प्रियंका गांधी, सेवादल अध्यक्ष गुरुवेन्द्र सिंह, प्रदेश सचिव शिवम सिंह, बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मैहर में हवन-पूजन एवं महाआरती का आयोजन

प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह और विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी हुए शामिल

नवभारत न्यूज

मैहर 10 जून। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के संकल्प को समर्पित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आज मैहर नगर में विशेष धार्मिक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मैहर विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी ने प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह एवम संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे के साथ माँ शारदा देवी मंदिर में हवन-पूजन एवं महाआरती कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान राष्ट्र की उन्नति, प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना करते हुए माँ शारदा के चरणों में प्रार्थना अर्पित की गई।

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केंद्र में रखकर देश को विकास की नई दिशा देने का कार्य किया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, श्रद्धालु एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एक नजर में

खंगार क्षत्रिय समाज संगठन को मजबूत करने का निर्णय

चित्रकूट। चित्रकूट बांदा मंडल खंगार क्षत्रिय समाज की एक बैठक की अध्यक्षता आशुतोष राणा जिला अध्यक्ष बांदा की अध्यक्षता में की गई जिसमें। बैठक में प्रदेश नेतृत्व के मार्ग दर्शन में संगठन विस्तार आगामी कार्यक्रमों एव समाज के उत्थान पर विस्तार से चर्चा हुई। समाज के वरिष्ठ समाज सेवी ने अपने . अपने विचार रखें समाज सेवी तथा संत भजनदास ने कहा हमारा समाज बिचौलियों के जंगल में फंसा है हमारे समाज को यह ज्ञान नहीं है कि हमारा हित कहां है समय के साथ समाज को जागृत होना चहिऐ तो मंजिल आसान हो जाती है तिनके भी एक साथ मिल जाते हैं तो वह मजबूत हो इसी प्रकार एक धागा धीरे .धीरे रस्सी बन जाती है खंगार समाज की ताकत हमारी एकता है और ग्राम पंचायत स्तर तक संगठन मजबूत करने का संकल्प लिया है। यह जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमर सिंह राठौर ने दी।

ब्लाक कांग्रेस ने उपवास प्रदर्शन किया

कोटर । ब्लाक काग्रेस कमेटी कोटर के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज ब्लाक काग्रेस कमेटी कोटर द्वारा काग्रेस की मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन पत्र को रद्द किए जाने के विरोध में कोटर तहसील के समझ प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया । उपवास कार्यक्रम के दौरान काग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयासों के विरोध में शांति पूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया कार्यकर्ताओं ने इस कार्यवाही को लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुए इसकी निदा की। कार्यकम में प्रमुखों रूप से प्रदेश काग्रेस कमेटी के सचिव अजीत सिंह, रामपुर बघेलान जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सत्यभान सिंह,किसान काग्रेस कमेटी कोटर के अध्यक्ष मुनेंद्र द्विवेदी,ब्लाक काग्रेस कमेटी कोटर के पूर्व अध्यक्ष यशवंत सिंह तिवारी, अबेर मंडलम काग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोकुल सिंह,गौरइया मंडलम काग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमेश द्विवेदी, पिछड़ावर्ग ब्लाक काग्रेस कमेटी कोटर के अध्यक्ष राम कलेश सिंह,धर्मेद लखन प्रताप सिंह, धर्मेद सोनी, बिक्रम सिंह,रामपाल सिंह, अनुराग सिंह,भूपेंद्र कुमार शुक्ला, प्रणय यादव, देवशरण पांडेय, निरेंद द्विवेदी,,रघुनाथ मिश्र, सुरेंद सिंह, प्रेमलाल तिवारी, राजेंद मिश्रा, दिनेश गोस्वामी,अश्वनी गौतम, राजलालन सिंह तिवारी, कैलाश सिंह, द्वारिका सिंह, शिवसागर सिंह, बीरेंद्र कुमार दहायत, बिष्णु प्रताप सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहा।

नटराजन के नामांकन निरस्त होने पर कांग्रेसियों ने दिया धरना

नवभारत न्यूज

कोठी 10 जून। कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के अध्यक्ष विनय सिंह गुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने तहसील कार्यालय के सामने उपवास प्रदर्शन किया ।

कांग्रेस के उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बृजेश गर्ग सोनू ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि यही वह समय है जिसको हम सबको पहचानना होगा और अपने सभी शिकवा गिला भूलाकर कांग्रेस के लिए नहीं बल्कि इस देश की रक्षा के लिए हमें एकजुट होकर इस भ्रष्ट निकम्मी एवं मनमानी सरकार से लड़ना होगा।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक कल्पना वर्मा, कांग्रेस नेत्री वंदना देवराज बागरी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नलिनेंद्र मिश्र डब्बू वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधराज सिंह चंदेल ,युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवम सिंह परिहार , किसान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह पप्पू ,सोहनलाल वर्मा सहित मौजूद अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों एवं नेताओं ने अपने-अपने विचार रखें और भाजपा की महिला विरोधी नीतियों को उजागर किया।

जिसे बर्खास्त किया, उसे ही दे दी जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज

नागौद 10 जून । जनपद पंचायत नागौद की सेवा सहकारी समिति मर्यादित रीछुल के उपकेंद्र दातुनहा में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, समिति में कार्यरत संजय रावत को लंबे समय तक अनुपस्थित रहने एवं बिना सूचना के कार्य से गायब रहने के कारण समिति द्वारा कुछ दिन पूर्व पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

लेकिन आश्चर्यजनक रूप से, दिनांक 10 जून 2026 को उसी संजय रावत को पुन: उपकेंद्र दातुनहा में विक्रेता पद का प्रभार सौंप दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

जब इस संबंध में समिति प्रबंधक सिद्धार्थ ओझा से जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि तत्कालीन सहकारिता विभाग के उप आयुक्त प्रभाकरण प्रकाश द्वारा जारी एक पत्र के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उक्त पत्र में सात दिवस के भीतर संजय रावत को पुन: प्रभार सौंपने के निर्देश दिए गए थे। अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या सहकारिता विभाग के अधिकारी नियमों और प्रक्रियाओं की अनदेखी कर रहे हैं? एक ओर संस्था द्वारा संजय रावत को अनुपस्थिति के कारण पद से बर्खास्त किया जाता है, वहीं दूसरी ओर विभागीय निर्देशों के आधार पर उन्हें पुन: उसी पद की जिम्मेदारी सौंप दी जाती है।

आखिर ऐसा कौन-सा नियम या विशेष परिस्थिति रही, जिसके चलते बर्खास्त किए गए कर्मचारी को पुन: उसी पद पर नियुक्त कर दिया गया? इस पूरे मामले में प्रभाकरण प्रकाश की भूमिका भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि पूरे मामले को लेकर जल्द ही सतना कलेक्टर को शिकायत की जाएगी। साथ ही, मामले की निष्पक्ष जांच के लिए आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ से जांच कराने की मांग भी उठाई जा रही है।

फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आमजन और समिति से जुड़े लोग विभाग से स्पष्ट जवाब की अपेक्षा कर रहे हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सहकारिता विभाग इस पूरे प्रकरण पर क्या स्पष्टीकरण देता है और शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।

पतौरा में गौ माता को दी गई अंतिम विदाई

नवभारत न्यूज

उचेहरा ।आधुनिक दौर में जहां संवेदनाएं धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं , वहीं जनपद के पतौरा गांव में नीरज सिंह परिहार पिता हीरामन सिंह उर्फ भोला सिंह ने एक ऐसा कार्य किया जहां मानवता और भारतीय संस्कारों की एक नई मिसाल दिखाई देती है।

चर्चा में उन्होंने बताया जाता है कि उन्हें बचपन से ही गाय पालने और उसकी सेवा करने का बहुत शौक था अज्ञात कारणों से गाय का निधन हो गया। नीरज सिंह परिहार ने गौ माता को परिवार के सदस्य की तरह सम्मान देते हुए पूरे विधि-विधान से अंतिम विदाई दे उसका संस्कार किया चर्चा में उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें इस बात का मलाल जरुर है कि वो वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गाय का अंतिम संस्कार जब नहीं कर सके तो उसी समय गांव के एक मुस्लिम भाई ने फातियाँ पढ़ गाय का अंतिम संस्कार करवाया।

मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

कोटर । प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष ओ पी बुधौलिया के आह्वान एवं श्रीश पाण्डेय जिलाध्यक्ष सतना के निर्देशन में तहसील अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में आज दिनांक 10 जून 2026 को पेंशनर्स साथियों द्वारा पुनर्गठन आयोग की धारा 49 के संविलोपन, नि:शुल्क कैशलेस बीमा योजना, आर्थिक लाभ समय पर देने, छठवे वेतनमान के 32 एवं सातवें वेतनमान के 26 माह का एरियर्स आदि अपनी न्यायोचित मांगो के सहानुभूति पूर्वक निराकरण बावत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को संबोधित छ: सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार तहसील कोटर मणिराज सिंह बागरी को सौंपा गया।

सदगुरु नेत्र चिकित्सालय में मनाया गया विश्व नेत्रदान दिवस

▶ 2007 में पद्मश्री स्व. डॉ बी के जैन ने आई बैंक खोल,नेत्रदान का बीज किया रोपित

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 10 जून। परम पूज्य संत रणछोड़ दास जी महाराज द्वारा स्थापित विश्व ख्याति प्राप्त श्री सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट में आज विश्व नेत्रदान दिवस मनाया गया।

विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर लोगो को नेत्रदान का महत्व बताते हुए जागरूक किया गया,बताया गया कि कोई भी व्यक्ति किसी भी जाति धर्म का हो ओ नेत्रदान कर सकते है साथ ही नेत्रदान करने करने के लिए कोई उम्र का बन्धन नहीं है।

कौन नेत्रदान कर सकता है- नेत्रदान लगभग हर व्यक्ति कर सकता है,नेत्रदान मरणोपरांत ही किया जाता है। व्यक्ति के मृत्यु के 6 घंटे के अंदर नेत्रदान किया जा सकता है। चाहे व्यक्ति को चश्मा लग रहा हो, या मधुमेह से पीड़ित हो, अथवा मोतियाबिंद का ऑपरेशन करा चुका हो ओ भी नेत्रदान कर सकते है। नेत्रदान की प्रक्रिया में मात्र 15 से 20 मिनट का समय लगता है। नेत्रदान में आँख का ऊपरी भाग अर्थात पुतली (कार्निया) ही लिया जाता है।

कार्यालय नगरपालिक निगम सतना (म .प्र .)

//निविदा सूचना//

NIT क्र. 05 (E.T)/निर्माण/न.पा.नि./2026-27 सतना, दिनांक 05.06.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https//mptenders.gov in पर देखा जा सकता है.

क्र	निविदा क्र.व जारी दिनांक	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	05/01 05.06.2026	2026_UAD _513521_1	नाली, पुलिया मरम्मत एवं नाली कव्हर कार्य राजीवन नगर एवं विभिन्न स्थानों में वार्ड क्रमांक 17	03 माह 19,69,703/-	2000/- 39,4000/-	08.07.2026 17:30
2.	05/01 05.06.2026	2026_UAD _513523_1	सी.सी. सड़क निर्माण गली नं. 07 09 एवं 10 वार्ड क्रमांक 38 (पार्षद निधि) द्वितीय काल	04 माह 21,14,479/-	5,000/- 42,300/-	
3.	05/01 05.06.2026	2026_UAD _513525_1	नाली मरम्मत व रोड निर्माण विभिन्न स्थानों में वार्ड क्रमांक 36 (पार्षद निधि) द्वितीय काल	03 माह 21,16.090/-	5000/- 42,400/-	
4.	05/01 05.06.2026	2026_UAD _513526_1	रोड लेवल उठाने का कार्य पश्चिमी संतनगर बगहा विभिन्न स्थानों में वार्ड क्रमांक 03 (द्वितीय काल)	04 माह 33,37,756/-	5000/- 50,000/-	25.06.2026 17:30
5.	05/01 05.06.2026	2026_UAD _513528_1	डब्ल्यूबीएम रोड, नाली कवर्ड एवं पेवर्स रोड जालपा मंदिर के पीछे एवं आईपी. नगर में वार्ड क्रमांक 30 (पार्षद निधि) द्वितीय काल	03 माह 21,08,947/-	5,000/- 42,200/-	
6.	05/01 05.06.2026	2026_UAD _513529_1	नाली, पेवर व रोड निर्माण कार्य विभिन्न स्थानों में वार्ड क्रमांक 39 (पार्षद निधि) द्वितीय काल	03 माह 20,93,992/-	5,000/- 41,900/-	
7.	05/01 05.06.2026	2026_UAD _513536_1	सीसी रोड विभिन्न स्थानों में वार्ड क्रमांक 24 (द्वितीय काल)	03 माह 28,65,484/-	5,000/- 50,000/-	

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन https-//mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा.

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)